AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : आईएमएस में सुविधाएं बढ़ेंगी, स्थायी शिक्षक भी मिलेंगे

## इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट दिलाने पर फोकस

अक्षय कुमार

लखनऊ। नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग लाने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय अब अपने विद्यार्थियों को बेहतर प्लेसमेंट दिलाने पर फोकस कर रहा है। इंजीनियरिंग के बाद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर की तैनाती की गई है। यहां स्थायी शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

लविवि के न्यू कैंपस स्थित आईएमएस में एमबीए, बीबीए के कोर्स चल रहे हैं। यहां प्लेसमेंट की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। अब

### ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर की तैनाती, सेमिनार हॉल, बोर्ड रुम बनना शुरू




नैक में अच्छी ग्रेडिंग के बाद विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। इसे देखते हुए विवि प्रशासन ने आईएमएस के स्टूडेंट्स पर भी फोकस किया है। मैनेजमेंट बैकग्राउंड का होने के कारण कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की भी यह प्राथमिकता में है। कुलपति ने बताया कि यहां सेल्फ फाइनेंस कोर्स में स्थायी शिक्षक की तैनाती मंजूर की गई है। इसका विज्ञापन जारी कर लिखित परीक्षा कर ली गई है। जल्द अन्य औपचारिकताएं पूरी कर नए सत्र 2022-23 में इनकी नियुक्ति कर दी जाएगी। अभी यहां लेक्चर बेस्ड 10 शिक्षक हैं।

अलग से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर की तैनाती की गई है। वे कंपनियों से सीधे संपर्क कर समय-समय पर कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन करेंगे। विद्यार्थियों को जीडी और पर्सनल इंटरव्यू के लिए भी तैयार किया जाएगा। इसके लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा युक्त कक्ष और सेमिनार हॉल बनवाया जा रहा है।

### इनक्यूबेशन सेल से जुड़ेंगे विद्यार्थी

प्रो. राय ने बताया कि बिल्डिंग और लाइब्रेरी को भी बेहतर किया जा रहा है। विवि में हाल ही में स्थापित इनक्यूबेशन सेल से भी आईएमएस के विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा। अगर वे कुछ नया करना चाहते हैं तो यह सेल सहयोग करेगी। विद्यार्थियों को संस्थान से परिचित कराने के उद्देश्य से इस बार एमबीए प्रवेश के लिए आधे स्टूडेंट्स के इंटरव्यू भी यहीं कराए गए थे।

# लविवि : बीए के छठवें सेमेस्टर का रिजल्ट जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। पिछले दिनों रिजल्ट को लेकर पैदा हुए विपरीत हालात को देखते हुए लखनऊ विवि प्रशासन भी अब देर रात परिणाम जारी करने लगा है। शनिवार देर रात बीए छठे सेमेस्टर का परिणाम जारी किया गया। विवि ने इसकी कोई सूचना नहीं जारी की थी। हालांकि छात्रों ने अपना परिणाम देखा और बताया कि राष्ट्र गौरव में कुछ विद्यार्थी फेल हुए हैं।

विवि प्रशासन की ओर से पिछले दिनों जारी बीकॉम छठे सेमेस्टर के परिणाम को लेकर काफी विवाद हुआ था। छात्रों के विरोध के बाद विवि ने तुरंत परिणाम वापस लिया और

### 73 फीसदी हुए पास, राष्ट्र गौरव परीक्षा में कई विद्यार्थी फेल

फिर इसे सुधार कर जारी किया। विवि प्रशासन ने शनिवार देर रात बीए छठे सेमेस्टर का रिजल्ट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। परीक्षा में लगभग 14,884 विद्यार्थी शामिल हुए थे और इसमें से 73 फीसदी पास हुए हैं। परिणाम के अनुसार, 3100 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन, 6000 सेकंड डिवीजन पास हुए हैं। बता दें कि स्नातक अंतिम वर्ष के परिणाम को लेकर विद्यार्थी काफी परेशान थे क्योंकि लविवि और कई विवि में पीजी की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

### लविवि : नैनो कण हृदय रोगों के उपचार में कारगर



लखनऊ। लविवि के गणित विभाग की ओर से आयोजित भारत गणित परिषद सम्मेलन के दूसरे दिन एचबीटीयू कानपुर की भवानी प्रसाद ने एप्लाइड गणित के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर और प्रस्तुति के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जीता। अपने शोध में उन्होंने बताया कि नैनो कण हृदय रोगों के उपचार में उपयोगी हैं। नैनो कणों की अनुकूलित ज्यामितीय धमनियों में रुकावटों को दूर करने के लिए उनके लक्षित दवा वितरण के लिए प्रभावी है। वहीं दिल्ली विवि की अदीबा नाज ने प्योर मैथमेटिक्स के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर और प्रस्तुति के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जीता। मुख्य अतिथि जम्मू विवि के प्रो. रोमेश कुमार, प्रो. एके सिंह बीएचयू, डॉ. नवीन जैन, डॉ. सुशील, संयोजक लविवि के प्रो. पंकज माथुर ने संबोधित किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

# बीए छठवें सेमेस्टर के 1041 स्टूडेंट राष्ट्र गौरव में फेल

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी और संबद्ध महाविद्यालय के बीए छठवें सेमेस्टर के एक हजार से ज्यादा स्टूडेंट राष्ट्र गौरव और इनवायरमेंटल स्टडीज की परीक्षा में फेल हो गए हैं। इस बार कुल 13,392 परीक्षार्थियों ने यह परीक्षा दी, जबकि 440 ने परीक्षा छोड़ दी थी। परीक्षा में फेल होने वाले ज्यादातर छात्र एलयू से मान्यता प्राप्त कॉलेजों से हैं।

एलयू के अधिकारियों के मुताबिक, विद्यार्थियों ने इन विषयों को गंभीरता से नहीं लिया, जिस वजह से इतनी बड़ी तादाद में परीक्षार्थी फेल हुए हैं। मुख्य विषयों पर अधिक ध्यान देना और समाचार पत्र व सामान्य ज्ञान की किताबों को पढ़ने की आदत में कमी आना भी इसकी अहम वजह है। राष्ट्र गौरव स्नातक स्तर पर एक अनिवार्य विषय है, इसे कोर्स पूरा करने के दौरान पास करना जरूरी होता है। इस बारे में एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि चूंकि डिग्री हासिल करने के लिए यह परीक्षा तीन साल में एक बार पास करनी होती है, इसलिए विद्यार्थी इस परीक्षा को हल्के में लेते हैं और इसकी तैयारी संजीदगी से नहीं करते हैं। इस बार कुछ ज्यादा ही लापरवाही बरती गई है जिससे इतनी बड़ी तादाद में परीक्षार्थी फेल हुए हैं।

> एलयू कुलपति ने कहा, गंभीरता से नहीं लिया पेपर

उन्होंने कहा कि यह एक गैर-क्रेडिट पाठ्यक्रम है। चूंकि राष्ट्रीय गौरव विषय के अंक फाइनल में नहीं जोड़े जाते। इसलिए भी छात्र इस पेपर के प्रतिशत पर ध्यान नहीं देते हैं और मुख्य विषयों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं क्योंकि उनके समग्र प्रतिशत में सुधार होता है। परीक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, अंतिम वर्ष के परिक्षार्थियों का साल न बर्बाद हो, इसलिए जल्द ही बैठक कर यह परीक्षा दोबारा कराए जाने पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं एलयू एसोसिएटेड कॉलेज टीचर्स (लुआक्टा) के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि आखिरी साल के स्टूडेंट्स का राष्ट्र गौरव में फेल होना बड़ी चिंता का विषय है।

# एलयू में भवानी प्रसाद को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

■ एनबीटी, लखनऊ : विभिन्न हृदय रोगों के उपचार में मददगार नैनो कणों के आकार पर शोध के लिए एचबीटीयू कानपुर की भवानी प्रसाद को एप्लाइड गणित के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर और प्रस्तुति के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लखनऊ यूनिवर्सिटी में भारत गणित परिषद के दो दिवसीय 69वें सम्मेलन के अंतिम दिन यह पुरस्कार अपने नाम किया। नैनो कणों की अनुकूलित ज्यामिति धमनियों में रुकावटों को दूर करने के लिए उनके लक्षित दवा वितरण के लिए बेहद प्रभावी रही। वहीं दिल्ली यूनिवर्सिटी की अदीबा नाज ने भी प्योर मैथमेटिक्स के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर और प्रस्तुति के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जीता।

i-NEXT PAGE 4

# असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए परीक्षा

LUCKNOW (25 Sept) : लखनऊ विश्वविद्यालय ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 25 पदों पर चयन के लिए रविवार को लिखित परीक्षा आयोजित की. इसके लिए जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर को केंद्र बनाया गया था. छह विषयों में भर्ती के लिए करीब 700 अभ्यर्थी शामिल हुए. परीक्षा के लिए सुबह 10 से 11 बजे तक समय दिया गया था. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है, उनके रिसर्च स्कोर के अंक पहले ही अपलोड हैं. अब लिखित परीक्षा के अंक देकर एक सप्ताह का समय दिया जाएगा. यदि किसी को आपत्ति है तो दर्ज करा सकेंगे. उसके बाद नियमानुसार मेरिट सूची जारी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. गौरतलब है कि एन्सिएंट इंडियन हिस्ट्री एंड आर्कियोलाजी, मिडिवल एंड मॉर्डन हिस्ट्री, साइकोलाजी, एजुकेशन, एमबीए (फाइनेंस एंड एकाउंटिंग) व एप्लाइड इकोनामिक्स विषय में 25 पदों पर चयन होना है.

HINDUSTAN PAGE 5

# भवानी और अदीबा को पुरस्कार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित विभाग में भारत गणित परिषद सम्मेलन का समापन रविवार को हुआ। परिषद के 69 वें सम्मेलन में एचबीटीयू कानपुर की भवानी प्रसाद ने एप्लाइड गणित में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जीता। डीयू की अदीबा नाज ने प्योर मैथमेटिक्स के क्षेत्र में पुरस्कार जीता।

AMRIT VICHAR PAGE 6

# विश्वविद्यालयों की टीमों ने दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार संवाददाता

### फार्मेसी डे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल सांइसेज की ओर से न्यू कैम्पस में विश्व फार्मेसी डे मनाया गया जिसमें नुक्कड़ नाटक, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता हुई।

इन प्रतियोगिताओं में लखनऊ विश्वविद्यालय, छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर न्यू कैम्पस में हेल्थ कैम्प भी लगाया गया। जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। हेल्थ कैम्प में लावण्या और अम्बेडकर छात्रावास की छात्राओं की थायरॉयड जांच की गई।

**बीबीए, बीसीए एवं डीफार्मा में फीस की तिथि समाप्त**

लखनऊ। बीबीए, बीसीए एवं डीफार्मा की काउंसिलिंग के बाद सीट आवंटन व फीस जमा करने मौका 25 सितंबर तक दिया था। जो कि रविवार शाम को तिथि समाप्त हो गई है। तिथि बढ़ाये जाने पर स्थिति सोमवार को साफ होगी।

**भारत गणित परिषद का सम्मेलन समाप्त**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में भारत गणित परिषद सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन की शुरुआत



शोधार्थियों द्वारा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार के लिए प्रस्तुति देने के साथ हुई। जम्मू विश्वविद्यालय के प्रो. रोमेश कुमार ने 'वेटेड कंपोजिशन ऑपरेटर्स इन हार्डी स्पेसेज' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। प्रो. एके सिंह, बीएचयू ने 'सम वैरीअंट ऑफ न्यूटनस लाइक मेथड फॉर सॉल्विंग नॉन लीनियर इक्वेशन' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। भारत गणित परिषद 2022 का दो दिवसीय 69वां सम्मेलन समापन समारोह के साथ समाप्त हुआ, जिसमें एचबीटीयू कानपुर की सुश्री भवानी प्रसाद ने एप्लाइड गणित के क्षेत्र में 'सर्वश्रेष्ठ पेपर और प्रस्तुति के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार' जीता।

**समय से पहुंचें छात्र काउंसिलिंग कल**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया जारी है। स्नताक प्रवेश पाने वाले छात्रों की काउंसिलिंग प्रक्रिया सोमवार मंगलवार को होगी। अभ्यर्थियों को सभी अभिलेखों की सत्यापित कॉपी समय से लेकर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक प्रवेश के अंतर्गत बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीएफए-बीवीए और एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के नव प्रवेशित छात्रों का अभिलेख सत्यापन किया जायेगा।

JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : विजेताओं को दिए गए पदक



लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में विश्व फार्मेसी दिवस पर प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए गए पदक ● सौजन्य: लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में रविवार को विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डा. जीएन सिंह और ड्रग लाइसेंसिंग एंड कंट्रोलिंग अथारिटी, उत्तर प्रदेश के डा. अजय कुमार जैन उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया, जिसमें लावण्या एवं अंबेडकर हास्टल में रहने वाली छात्राओं ने थायराइड का टेस्ट कराया। कुलपति के साथ डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन व अन्य फैकल्टी के सदस्यों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर एवं इनोवेटिव-साइंटिफिक प्रजेंटेशन, नुक्कड़-नाटक तथा इनोवेटिव आइडिया प्रजेंटेशन और आनलाइन क्विज का आयोजन भी हुआ, जिसमें लवि के साथ बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय आइटी, डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के 300 विद्यार्थी शामिल हुए। सभी विजेताओं को संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया।

# कानपुर की भवानी ने युवा वैज्ञानिक का पुरस्कार जीता

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित विभाग में आयोजित भारत गणित परिषद सम्मेलन में दूसरे दिन शोधार्थियों ने युवा वैज्ञानिक पुरस्कार के लिए अपने शोध पत्र की प्रस्तुति दी। इसमें एचबीटीयू (हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) कानपुर की भवानी प्रसाद ने एप्लाइड गणित के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुत कर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जीता। उनका शोध नैनो कणों के आकार के अध्ययन पर आधारित है, जो कई तरह के हृदय रोगों के उपचार में उपयोगी है।

दिल्ली विश्वविद्यालय की अदीबा नाज ने प्योर मैथमेटिक्स के क्षेत्र में पेपर प्रस्तुत कर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जीता। सम्मेलन में जम्मु विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रोमेश कुमार ने वेटेड कंपोजिशन आपरेटर्स इन हार्डी स्पेसेज विषय पर व्याख्यान दिया। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के प्रो. एके सिंह ने सम वैरीएंट आफ न्यूटनस लाइक मैथड साल्विंग नान लीनियर इक्वेशन पर व्याख्यान दिया।